# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय

## उत्तर प्रदेश, लखनऊ–226021

# विद्यापरिषद की 57वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 57वीं बैठक |
| दिनांक | : | 10 सितम्बर, 2018 |
| दिन | : | सोमवार |
| समय | : | पूर्वान्ह 11:30 बजे |
| स्थान | : | मालवीय सभाकक्ष, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ |

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ की विद्यापरिषद की दिनांक 10.09.2018 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 57वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. प्रो0 विनय कुमार पाठक — अध्यक्ष
   मा0 कुलपति,
   डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

2. प्रो0 कैलाश नारायण — सदस्य
   प्रति-कुलपति
   डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

3. प्रो0 एस0पी0 शुक्ला — सदस्य
   निदेशक,
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा।

4. प्रो0 नीरज मिश्रा — सदस्य
   निदेशक प्रतिनिधि,
   आई0आई0टी0, कानपुर।

5. प्रो0 मुकेश सिंह — सदस्य
   निदेशक,
   उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

6. प्रो0 राजीव अग्रवाल — सदस्य
   निदेशक,
   जी0एल0 बजाज इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेनट, ग्रेटर नोएडा

7. प्रो0 मनीष गौड़ — विशेष आमंत्री
   निदेशक,
   सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ।

8. प्रो0 एच0के0 पालीवाल — विशेष आमंत्री
   निदेशक,
   इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी,लखनऊ।

9. प्रो0 वन्दना सहगल — विशेष आमंत्री
   प्राचार्य/अधिष्ठाता
   वास्तुकला संकाय, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

10. प्रो0 वीरेन्द्र पाठक — विशेष आमंत्री
    निदेशक,
    यू0पी0 इंस्टी0 आफ डिजाइन, नोएडा।

11. श्री नरेन्द्र चौबे — विशेष आमंत्री
वित्त अधिकारी
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

12. प्रो0 राजीव कुमार — विशेष आमंत्री
परीक्षा नियंत्रक,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

13. प्रो0 विनीत कंसल — विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, अण्डर ग्रेजुएट स्टडीज एण्ड इंटरप्रोन्योरशिप
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

14. प्रो0 के0वी0 आर्य — विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज एण्ड रिसर्च
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

15. प्रो0 एस0बी0 देवसरकार — विशेष आमंत्री
इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन डिपाटेमेन्ट
डॉ0 बाबा साहेब अम्बेडकर प्राविधिक विश्वविद्यालय, औरंगाबाद, महाराष्ट्र।

16. प्रो0 जे0बी0 श्रीवास्तव — विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, फैकल्टी आफ इंजीनियरिं एण्ड टेक्नोलॉजी
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

17. डॉ0 राजीव कुमार सिंह — विशेष आमंत्री
उप कुलसचिव,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

18. श्री नन्द लाल सिंह — सदस्य सचिव
कुलसचिव,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ।

**बैठक में अपरिहार्य कारणों से निम्न सदस्य उपस्थिति नहीं हो सके:-**

1. निदेशक,आई0आई0टी0, रूड़की या उनके द्वारा नामित सदस्य।
2. प्रो0 वी0के0 त्यागी, निदेशक, बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी।
3. प्रो0 मयंक गर्ग, निदेशक, एम0आई0ई0टी0, मेरठ।

उपरोक्त अनुपस्थित सदस्यो को अध्यक्ष महोदय द्वारा अवकाश स्वीकृत किया गया। बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

मद संख्या 57.01 विद्यापरिषद की दिनांक 22.03.2018 को सम्पन्न हुई 55वीं एवं दिनांक 10.05.2018 को 56वीं आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्तों के अनुमोदन पर विचार।

परिषद की दिनांक 22.03.2018 को सम्पन्न हुई 55वी एवं दिनांक 10.05.2018 को सम्पन्न हुई 56वीं आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्तों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 57.02 **विद्यापरिषद की दिनांक 05.12.2017 को सम्पन्न हुई 54वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद की दिनांक 05.12.2017 को सम्पन्न हुई 55वी बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया साथ ही निम्नाकित बिन्दुओं पर कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया:-

1. (55.07) निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज को निदेशित किया कि जिन बिन्दुओं पर अभी तक कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है उन पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही पूर्ण कर कृत कार्यवाही से मा0 कुलपति महोदय को अवगत कराये।

   **(कार्यवाही: निदेश, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)**

2. (55.11) विद्या परिषद द्वारा कृत कार्यवाही को अवलोकित करते हुए बिन्दु 04 पर लिये गये निर्णय पर यथाशीघ्र कार्यवाही करने हेतु अधिष्ठाता, परास्नातक, अधिष्ठाता स्नातक एवं परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया।

   **(कार्यवाही: अधिष्ठाता, स्नातक पाठ्यकम)**

3. (55.14) परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि छात्रों को प्रदान की जाने वाली उपाधि बी0टेक0 (आनर्स) एवं बी0टेक0 विद डिक्टेन्शन का निर्धारण करने हेतु कमेटी के गठन हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया है तथा उक्त पर यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये।

   **(कार्यवाही: अधिष्ठाता, स्नातक पाठ्यकम)**

4. (55.16) परिषद ने मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति की विस्तृत परिक्रियात्मक व्यवस्था का प्रारूप प्रस्तुत करने के लिए गठित समिति को निदेशित किया गया है कि कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करें।

   **(कार्यवाही: अधिष्ठाता, परास्नातक पाठ्यकम)**

5. (55.19) परिषद द्वारा टीचर वेलफेयर फण्ड एवं नेशनल एवं इंटरनेशनल कान्फ्रेन्स की प्रक्रियात्मक व्यवस्था हेतु गठित समिति को यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

   **(कार्यवाही: अधिष्ठाता, स्नातक एवं परास्नातक)**

6. (55.20) परिषद द्वारा अपटेक कम्प्यूटर कंसलटेन्सी लि0 द्वारा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इनफारमेशन टेक्नोलॉजी तथा अन्य रोजगार पर लघु पाठ्यक्रम चलाये जाने हेतु गठित विशेषज्ञ समिति को कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही: निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

7. (55.21) परिषद द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एन0आई0ई0टी0 इंक्यूवेटर एक्सटेन्शन काउंटर खोलने के लिए प्रतिक्रियात्मक विशेषज्ञों की टीम को यथाशीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

8. (55.23) कृत कार्यवाही को अवलोकित करते हुए अधिष्ठाता वास्तुकला संकाय को कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता, वास्तुकला संकाय)

**मद संख्या 57.03 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानो में संचालित होने वाले बैचलर आफ वोकेशनल कोर्स (बी0वॉक) के रेगुलेशन एण्ड मॉडल कैरीकुलम तथा पाठ्यविन्यास पर अनुमोदन के संबंध में।**

परिषद द्वारा गठित समिति के सदस्यों के माध्यम से तैयार किये गये बैचलर आफ वोकेशनल कोर्स के रेगुलेशन एण्ड मॉडल कैरीकुलम तथा पाठ्यविन्यास को अवलोकित करते हुए निर्देश दिया गया है कि प्रस्तुत रूल्स एवं रेगुलेशन माडल कैरिकुलम को ड्राफ्ट प्रपत्र मानते हुए इसे विशेषज्ञों के साथ बैठक कर अंतिम रूप प्रदान किया जाये। प्रस्तुत आर्डिनेन्स के गहन परीक्षण हेतु कुलपति महोदय को समिति गठित करने हेतु अधिकृत किया गया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता- स्नातक पाठ्यक्रम)

**मद संख्या 57.04 विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बैचलर आफ डिजाइन पाठ्यकम हेतु सत्र 2017-18 से प्रभावी आर्डिनेन्स पर अनुमोदन के संबंध में।**

परिषद द्वारा यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बैचलर आफ डिजाइन पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2017-18 से प्रभावी संशोधित आर्डीनेन्स को अवलोकित कर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा निदेशक यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा को निदेशित किया गया कि संस्थान में संचालित पाठ्यचर्याओं की हस्ताक्षरित प्रति विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें तथा पाठ्यचर्या को संस्थान की वेबसाइट पर प्रसारित कराये।

(कार्यवाही: निदेशक- यू0पी0 इंस्टी0 आफ डिजाइन, नोएडा)

मद संख्या 57.05 विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बैचलर आफ डिजाइन पाठ्यकम एवं मास्टर आफ डिजाइन पाठ्यचर्या तथा सेन्टर फार एडवॉस स्टडीज, लखनऊ में संचालित एम0टेक नैनो टेक्नोलॉजी, एम0टेक मैकाट्रानिक्स की पाठ्यचर्या पर अनुमोदन के संबंध में।

विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बी0डेस0 पाठ्यक्रम सत्र 2017-18 एवं 2018-19 तथा एम0डेस0 पाठ्यक्रम सत्र 2018-19 से प्रभावी पाठ्यचर्या तथा सेन्टर फार एडवॉस स्टडीज, लखनऊ में संचालित एम0टेक-नैनो टेक्नोलॉजी, एम0टेक मैकाट्रानिक्स की पाठ्यचर्या जो सत्र 2018-19 से प्रभावी है का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ एवं निदेशक- यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा)

मद संख्या 57.06 परीक्षा समिति की दिनांक 04.09.2018 को सम्पन्न हुई 63वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 63.21 जिसमें एम0टेक0/एम0आर्क0/एम0फार्म0 पाठ्यक्रमों के लघु शोध प्रबंध हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा दिये गये निदेशों के कम में साहित्यिक चोरी (प्लेग्रिजम) हेतु प्रक्रियात्मक व्यवस्था का निदान करने हेतु समिति का गठन किया गया जो निम्नवत् है:-

1. अधिष्ठाता परास्नातक पाठ्यक्रम, ए0के0टी0यू, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक पाठ्यक्र, ए0के0टी0यू, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक,ए0के0टी0यू, लखनऊ।
4. निदेशक, आई0ई0टी0, लखनऊ।
5. निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ अथवा नामित विशेषज्ञ।
6. निदेशक उत्तर प्रदेश इंस्टी0 आफ डिजाइन, नोएडा अथवा नामित विशेषज्ञ।
7. अधिष्ठाता/प्राचार्य वास्तुकला संकाय अथवा नामित सदस्य।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता परास्नातक)

मद संख्या 57.07 विश्वविद्यालय के सत्र 2017-18 में दिये जाने वाले मेडल व एक चॉन्सलर मेंडल की सूची के अनुमोदन पर विचार के सम्बन्ध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2017-18 के 16वें दीक्षांत समारोह में दिये जाने वाले मेडल धारकों की सूची एवं सुश्री प्रीती गुप्ता, अनुक्रमांक 1402710107 को चॉन्सलर मेंडल प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: परीक्षा नियंत्रक)

मद संख्या 57.08 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक मैकाट्रानिक्स के परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में किये जाने वाले प्रस्तावित संशोधन पर अनुमोदन के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक मैकाट्रानिक्स के परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में किये गये संशोधन पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। (अनुलग्नक-1)

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

मद संख्या 57.09 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के स्नात्कोत्तर एवं पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में किये जाने वाले प्रस्तावित संशोधन पर अनुमोदन के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के स्नात्कोत्तर एवं पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में किये गये प्रस्तावित संशोधनों (अनुलग्नक-2) पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

मद संख्या 57.10 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता तथा प्रवेश प्रक्रिया के सरलीकरण के संबंध में।

| वर्तमान अर्हता | संशोधित अर्हता |
|---|---|
| Candidates who have qualified for the award of Bachelor's Degree in relevant Engineering / Technology or Master's Degree in Computer Applications (for only relevant courses) with at least 60% score or equivalent CGPA vide Appendix C and, who have qualified and have a valid score in Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) are eligible to apply for admission to the M.Tech. Programs. | Candidates who have qualified for the award of Bachelor's Degree in relevant Engineering /Technology or Master's Degree in Computer Applications (for only relevant courses) with **first division or 60% score** or equivalent CGPA vide **Appendix C** and, who have qualified and have a valid score in Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) are eligible to apply for admission to the M.Tech. Programs. |

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एम0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता तथा प्रवेश प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु प्रस्तावित संशोधित अर्हता पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

मद संख्या 57.11 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एक/दो से तीन सप्ताह की अवधि हेतु चलाये जाने वाले विभिन्न अल्पावधि प्रोग्राम पर अनुमोदन प्रदान करने के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में एक/दो से तीन सप्ताह की अवधि हेतु चलाये जाने वाले विभिन्न अल्पावधि प्रोग्राम पर सहमति के साथ यह भी निर्णय लिया गया है कि इस हेतु व्यय होने वाली कुल धनराशि में से 30 प्रतिशत धनराशि का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा एवं 70 प्रतिशत धनराशि का भुगतान इंडूस्ट्री द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

**मद संख्या 57.12 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में शैक्षिक उपलब्धियों की चोरी/नकल इत्यादि को रोकने के दृष्टिगत Core Policy Document on Plagiarism पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में शैक्षिक उपलब्धियों की चोरी/नकल इत्यादि को रोकने के दृष्टिगत Core Policy Document on Plagiarism पर एक समान पालिसी बनाने हेतु अधिष्ठाता परास्नातक को अधिकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता- परास्नातक पाठ्यक्रम)

**मद संख्या 57.13 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में सत्र 2018-19 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अपनायी गयी प्रवेश प्रकिया पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में सत्र 2018-19 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में क्रमशः कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विथ स्पेलाइजेशन इन साइबर सिक्योरिटी, मैकाट्रानिक्स एवं नैनो टेक्नोलॉजी में प्रवेश हेतु अपनायी गयी प्रक्रिया पर परिशीलनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

**मद संख्या 57.14 विश्वविद्यालय में टेलेन्ट इनसेन्टिव स्कीम के तहत दिनांक 07.08.2018 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में टेलेन्ट इनसेन्टिव स्कीम के तहत दिनांक 07.08.2018 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन किया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता- छात्र कल्याण)

**मद संख्या 57.15 विश्वविद्यालय में इनोवेशन एण्ड इनक्यूवेशन एक्टीविटी को बढ़ावा देने के लिए सलाहकार बोर्ड की स्थापना के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में इनोवेशन एण्ड इनक्यूवेशन एक्टीविटी को बढ़ावा देने के लिए सलाहकार बोर्ड के गठन पर सहमति प्रदान की गयी। इस हेतु एजेन्सी का भी चयन किया जायेगा जिसका भुगतान TEQIP-III द्वारा किया जायेगा। सलाहकार बोर्ड के सदस्यों को नामित करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता, स्नातक पाठ्यकम)

**मद संख्या 57.16 विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट एक्टीविटी को बढ़ावा देने के लिए सलाहकार बोर्ड की स्थापना के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट एक्टीविटी को बढ़ावा देने के लिए सलाहकार बोर्ड के गठन पर सहमति प्रदान की गयी। बोर्ड के सदस्यों को नामित करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट एजेन्सी के चयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कृत कार्यवाही पर सहमति के साथ-साथ कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता, स्नातक पाठ्यकम)

**मद संख्या 57.17 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज में पीएच0डी0 पाठ्यकमों हेतु पृथक आर्डिनेन्स एवं रेगुलेशन के संबंध में।**

परिषद द्वारा पी-एच0डी0 में उच्च गुणवत्तापरक शोध एवं अन्तर्विषयी पाठ्यक्रमों के दृष्टिगत पृथक आर्डीनेन्स एवं रेगुलेशन को स्वीकार नहीं किया गया इस हेतु निर्देश दिया गया है कि संस्थान के विशिष्ठ लक्ष्यों के दृष्टिगत प्रस्तावित पी-एच0डी0 आर्डिनेन्स की व्यवस्था को विश्वविद्यालय में पूर्व से प्रचलित पी-एच0डी0 आर्डिनेन्स में अलग से समाहित कर लिया जाए।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ)

**मद संख्या 57.18 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ की शैक्षिक स्वायत्तता सत्र 2018-19 से आगे विस्तारित किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान आई0ई0टी0, लखनऊ, एवं शासकीय संस्थाओं बी0आई0ई0टी0, झांसी, के0एन0आई0टी0, सुलतानपुर एवं यू0पी0टी0टी0आई0, कानपुर की शैक्षिक स्वायत्तता को एक वर्ष (सत्र 2018-19) हेतु विस्तारित करने पर सहमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक, आई0ई0टी0, लखनऊ)

**मद संख्या 57.19 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ के एम0सी0ए0 पाठ्यकम के छात्र मो0 अजीम मंसूरी, अनुकमांक 1305214021 को आर्डिनेन्स में निर्धारित समयावधि अधिकतम 05 वर्ष की समयसीमा पूर्ण होने के उपरान्त द्वितीय वर्ष में पुनः प्रवेश दिये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम के छात्र मो0 अजीम मंसूरी, अनुक्रमांक 1305214021 को द्वितीय वर्ष में प्रवेश के प्रस्ताव पर आर्डिनेन्स की व्यवस्था के कम में अनुमति प्रदान नहीं की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक,आई0ई0टी0,लखनऊ)

**मद संख्या 57.20 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में संचालित एम0टेक0 पाठ्यकमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में संचालित एम0टेक0 पाठ्यकमों (स्ट्रकचरल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक ड्राइव एण्ड कन्ट्रौल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में प्रवेशित छात्र/छात्राओं जो GATE QUALIFIED हों, को विश्वविद्यालय द्वारा AICTE के समान वर्तमान एवं आगामी शैक्षिक सत्रों से छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक,आई0ई0टी0,लखनऊ)

**मद संख्या 57.21 बी0टेक0 अंतिम वर्ष के छात्रों हेतु NPTEL के माध्यम से आयोजित की गयी विषय कोड एन0ओ0ई0-081 की परीक्षा में अपरिहार्य कारणों से सम्मिलित होने से वंचित रह गये है, उक्त छात्रों की कैरी ओवर परीक्षा कराये जाने के संबंध में।**

अंतिम वर्ष के छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्तावित है कि ऐसे सभी छात्र NPTEL के माध्यम से पुनः एन0ओ0ई0-081 विषय में पुनः नामांकन कराकर पढ़ाई पूरी करें तथा NPTEL द्वारा ही आयोजित की जाने वाली परीक्षा में भाग लें। तत्पश्चात NPTEL द्वारा विषय के सेसनल एवं सेमेस्टर अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित करायें ताकि इन छात्रों का एन0ओ0ई0-081 का परीक्षाफल पूर्ण किया जा सके।

(कार्यवाही: परीक्षा नियंत्रक)

**मद संख्या 57.22 बी0आर्क0 डिजाइन की दो दिन एवं तीन दिन में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को एक दिन (सात घण्टे) में कराये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा बी0आर्क0 डिजाइन की दो दिन एवं तीन में आयोजित की जाने वाली परीक्षा को एक दिन (सात घण्टे) में आयोजित कराये जाने के प्रस्ताव एवं बी0आर्क0 पाठ्यक्रम के NAR से प्रारम्भ होने वाले विषय कोड के आंशिक संशोधन पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया। अधिष्ठाता स्नातक

पाठ्यक्रम के पत्र संख्या 10846 दिनांक 30 जून, 2018 की व्यवस्था वास्तुकला संकाय, लखनऊ पर लागू नही होगी।

(कार्यवाही: परीक्षा नियंत्रक)

**मद संख्या 57.23 मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम0सी0ए0), च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम तथा पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम0सी0ए0-इंटीग्रेटेड) च्वाइस बेस्ड केडिट सिस्टम तथा मास्टर इन बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0)/टूरिज्म मैनेजमेन्ट (टी0एम) हेतु प्रभावी रूल्स एवं रेगुलेशन के संबंध में।**

परिषद द्वारा मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम0सी0ए0), च्वाइस बेस्ड केडिट सिस्टम के रूल्स एवं रेगुलेशन सत्र 2016-17, पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड मास्टर आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम0सी0ए0-इंटीग्रेटेड) च्वाइस बेस्ड केडिट सिस्टम का रूल्स एवं रेगुलेशन सत्र 2017-18 एवं मास्टर इन बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0)/टूरिज्म मैनेजमेन्ट (टी0एम) का रूल्स एवं रेगुलेशन सत्र 2016-17 से प्रभावी है पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-परास्नातक)

**मद संख्या 57.24 इंडस्ट्री कन्सलटेन्ट कमेटी के गठन एवं कन्सलटेन्ट कमेटी के सदस्यों को विश्वविद्यालय में कार्यरत आचार्यों की भाँति पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा इंडस्ट्री कन्सलटेन्ट कमेटी के गठन एवं इंडस्ट्री कन्सलटेन्ट कमेटी के सदस्यों को विश्वविद्यालय में कार्यरत आचार्यो की भाँति पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। इस हेतु TEQIP-III एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरें ही अनुमन्य होंगी। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले इवेन्ट पर वहीं दरें लागू होंगी जैसाकि पूर्व में प्रचलित है।

(कार्यवाही: प्रभारी टेक्यूप एवं वित्त अधिकारी)

**मद संख्या 57.25 बी0टेक0/बी0फार्म0/बी0एच0एम0सी0टी0/बी0एफ0ए0डी0 पाठ्यकमों हेतु सत्र 21016-17 से प्रभावी च्वाइस बेस्ड केडिट सिस्टम आर्डिनेन्स में संशोधन के संबंध में।**

परिषद द्वारा बी0टेक0/बी0फार्म0/बी0एच0एम0सी0टी0/बी0एफ0ए0डी0 पाठ्यकमो हेतु सत्र 21016-17 से प्रभावी च्वाइस बेस्ड केडिट सिस्टम आर्डिनेन्स में किये गये संशोधनों पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक पाठ्यक्रम)

मद संख्या 57.26 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में एम0टेक0 पाठ्यकम में संचालित M.Tech (Electric Drive and Control) को शैक्षिक सत्र 2019–20 से M.Tech (Electrical Engg. With Specialization in Power and Control) के नाम से अनुमन्य किये जाने के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में संचालित M.Tech (Electric Drive and Control) को शैक्षिक सत्र 2019-20 से M.Tech (Electrical Engg. With Specialization in Power and Control) के नाम से अनुमन्य किये जाने पर परिशीलनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक-आई0ई0टी0, लखनऊ)

मद संख्या 57.27 विश्वविद्यालय के संस्थान वास्तुकला संकाय में एकेडमिक ऑटोनामी सत्र 2017-18 से लागू है। वास्तुकला संकाय में शिक्षा संबंधी उच्चीकृत मानकों की स्थापना हेतु अलग बोर्ड आफ स्टडीज की स्थापना हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमोदन के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान वास्तुकला संकाय में शिक्षा संबंधी उच्चीकृत मानकों की स्थापना हेतु अलग बोर्ड आफ स्टडीज की स्थापना हेतु प्रस्तुत सदस्यों पर अनुमोदन प्रदान किया साथ ही यदि इसमें किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता प्रतीत होती है तो उक्त संशोधन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

(कार्यवाही: प्राचार्य/अधिष्ठाता-वास्तुकला संकाय)

मद संख्या 57.28 वास्तुकला संकाय द्वारा सम्पन्न करायी गयी परीक्षा समिति की बैठकों के कार्यवृत्त पर अनुमोदन के संबंध में।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के वास्तुकला संकाय द्वारा सम्पन्न करायी गयी परीक्षा समिति की क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एव चतुर्थ बैठको के कार्यवृत्त पर परिशीलनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया साथ ही निर्देशित किया कि संस्थान में उपलब्ध समस्त टेबुलेशन रजिस्टर (परीक्षाफल) को डिजिटालाइजेशन कराने, उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराये जाने एवं सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को छः माह तक रखने की अनुमति प्रदान की तथा यह भी निर्देशित किया गया कि इसे विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति में रखा जाये।

(कार्यवाही: प्राचार्य/अधिष्ठाता-वास्तुकला संकाय)

मद संख्या 57.29 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमो B.Tech (B.Tech

**Informaiton Technology, Electronics & Instrumentation Engg, M.Tech Electrical Drive & Control, Structrual Engg., Mechanical Engg, Microelectronics Engg, MBA) को शैक्षिक सत्र 2018–19 से संचालन तथा आय–व्ययक आदि के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमो B.Tech (B.Tech Informaiton Technology, Electronics & Instrumentation Engg, M.Tech Electrical Drive & Control, Structrual Engg. , Mechanical Engg, Microelectronics Engg, MBA) को शैक्षिक सत्र 2018–19 से संचालन तथा आय–व्ययक आदि के सम्बन्ध में संस्थान स्तर पर समन्वयक, उप समन्वयक तथा संयोजक द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु समिति की संरचना तथा उक्त के अन्तर्गत समन्वयक, उप समन्वयक तथा पाठ्यक्रम संयोजक के कार्यदायित्व एवं पाठ्यकम को स्वयं के स्तर से चलाने की अनुमति प्रदान की। संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर वित्तीय अधिकार संबंधी बिन्दु संख्या (2) को छोड़कर शेष सभी पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक–आई0ई0टी0, लखनऊ)

**मद संख्या 57.30 विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ में एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2017–18 में प्रवेशित छात्र श्री अनुराग यादव रो0नं0 1705270010 को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने के उपरान्त भारत सरकार की Multi Tasking Staff के पद पर ज्वाइन करने तथा तदपश्चात एम0बी0ए0 आर्डिनेन्स के अनुसार निर्धारित समय सीमा चार शैक्षिक सत्र में पाठयक्रम पूर्ण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किये जाने सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ मे एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2017–18 में प्रवेशित छात्र श्री अनुराग यादव रो0नं0 1705270010 के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त संस्थान के प्रस्ताव पर अनुमति नहीं प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक–आई0ई0टी0, लखनऊ)

**मद संख्या 57.31 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ के छात्र श्री नितेश कुमार के अनुरोध पत्र दिनांक 07.09.2018 पर विचार।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ के छात्र श्री नितेश कुमार को आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्य के दृष्टिगत प्रोजेक्ट एसोसिएट के रूप में आबद्ध किये जाने तथा शैक्षणिक हित को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 15.09.2018 से 28.02.2019 तक सशर्त अनुमति दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: निदेशक–सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

मद संख्या 57.32 विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवास स्टडीज, लखनऊ के प्रस्तावित पीएच0डी0 आर्डिनेन्स में पीएच0डी0 हेतु निर्धारित शुल्क के संशोधन पर विचार।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवास स्टडीज, लखनऊ के प्रस्तावित पीएच0डी0 आर्डिनेन्स में पीएच0डी0 हेतु निर्धारित शुल्क के संशोधित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय के संस्थान एवं विश्वविद्यालय के घटक संस्थान में एक समान फीस की व्यवस्था लागू हो, इस हेतु घटक संस्थान आई0ई0टी0, लखनऊ द्वारा लागू शुल्क को ही मानक शुल्क के रूप में लागू करने पर सहमति प्रदान की गयी। यह भी सुझाव दिया गया कि उक्त शुल्क प्रदेश के सभी राजकीय एवं अनुदानित संस्थानों में भी लागू कराया जाए।

(कार्यवाही: निदेशक-सेन्टर फार एडवांस स्टडीज लखनऊ)

मद संख्या 57.33 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पुस्ताकालय हेतु ई-रिसोर्स सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार।

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा तथा वास्तुकला संकाय में ई-रिसोर्स साफ्टवेयर कय किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी तथा उक्त भुगतान TEQIP-III द्वारा किये जाने पर भी अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक पाठ्यकम)

मद संख्या 57.34 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं उससे सम्बद्ध संस्थानो हेतु ई-रिसोर्स कन्सोर्टियम के संबंध में विचार।

परिषद द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं उससे सम्बद्ध संस्थानो को ई-रिसोर्स कन्सोर्टियम के द्वारा विश्वविद्याल एवं विश्वविद्यालय के सम्बद्ध संस्थान को ई-रिसोर्स की सुविधा सत्र 2018-19 से कम लागत पर फैकल्टी एवं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: प्रभारी-टेक्यूप)

मद संख्या 57.35 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के 16वे दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 आर0ए0 माशेलकर, को डी0एस-सी0 की मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर विचार।

परिषद् द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के 16वे दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि डा0 आर0ए0 माशेलकर, नेशनल रिसर्च प्रोफेसर एवं अध्यक्ष ग्लोबल रिसर्च एलाइन्स को डी0एस-सी0 की मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

(कार्यवाही: निदेशक-आई0ई0टी0, लखनऊ)

मद संख्या 57.36 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाम सेन्टर फार इनोवेशन एण्ड इनक्यूवेशन में प्रोटोटाईप मैनुफैक्चरिंग लैब (टिंकरिंग लैब) की स्थापना के सम्बन्ध में विचार।

परिषद द्वारा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाम सेन्टर फार इन्वेशन एण्ड इनक्यूवेशन में छात्र/छात्राओं एवं युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और उन्हे सृजनात्मक निर्माण करने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से प्रोटोटाईप मैनुफैक्चरिंग लैब (टिंकरिंग लैब) की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी। उक्त लैब की स्थापना का व्यय-भार TEQIP-III द्वारा किये जाने पर भी सहमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक-सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

मद संख्या 57.37 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पी-एच0डी0 पाठ्यक्रम में पंजीकृत अभ्यर्थियों का लगातार तीन आर0डी0सी0 बैठक में अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में विधा परिषद की 55वीं बैठक में लिये गये निर्णय के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही पर विचार।

परिषद की 55वीं बैठक में लिये गये निर्णय के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही को अवलोकित करते हुए कृत कार्यवाही पर सहमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-परास्नातक एवं शोध)

मद संख्या 57.38 डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के आर्डिनेन्स में कतिपय संशोधन पर विचार।

परिषद द्वारा पीएच0डी0 पाठ्यक्रम के आर्डिनेन्स में प्रस्तावित कतिपय संशोधनों पर सहमति के साथ ही प्री-पी-एच0डी0 पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए मेन्टर की व्यवस्था को समाप्त किये जाने का निर्णय लिया, साथ ही अधिष्ठाता परास्नातक एवं शोध को निर्देशित किया कि वे वह अबतक किये गये पी-एच0डी0 आर्डिनेन्स के समस्त संशोधनों को समाहित करते हुए पी-एच0डी0 आर्डिनेन्स की प्रति परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-परास्नातक एवं शोध)

मद संख्या 57.39 मौखिक परीक्षा के उपरान्त मूल्याँकन समिति द्वारा शोधार्थियों को पी-एच0डी0 उपाधि प्रदान करने की अनुशंसा पर विचार।

परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर उल्लिखित 24 शोधार्थियो को पी-एच0डी0 उपाधि प्रदान किये जाने की अनुमोदन प्रदान किया तथा

प्रस्तावनुसार दिनांक 04.10.2018 तक सम्पन्न होने वाले पी-एच0डी0 मौखिक परीक्षा में सफल शोधार्थियों को भी कुलपति की संस्तुति के आधार पर आगामी दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-परास्नातक एवं शोध)

मद संख्या 57.40 **सत्र 2018-19 के पी-एच0डी0, एम0टेक0, एम0फार्म0, एम0आर्क0 एवं एम0डेस पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय स्तर से की गई प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से चयनित छात्र/छात्राओं की सूची के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया है कि कतिपय ब्रान्च जिनमें छात्रों की संख्या अत्यधिक कम है अथवा नहीं है उसमें अधिष्ठाता, परास्नातक कमेटी गठन कर एम0टेक0, एम0फार्म0, एम0आर्क0 इत्यादि पाठ्यक्रमों में संचालित ब्रान्चों की उपयोगिता के आधार पर निर्णय करें और अनुपयोगी ब्रान्चों के लिए प्रवेश प्रक्रिया नहीं किया जाये।

1. एम0टेक0 टेक्सटाइल केमेस्ट्री के पाठ्यक्रम में प्रवेश अर्हता एम0एस0सी0 कैमेस्ट्री को भी सम्मिलित कर लिया जाए। इस शर्त के साथ कि एम0एस0सी0 कैमेस्ट्री योग्यताधारी छात्र यदि एम0टेक0 टैक्सटाइल कैमेस्ट्री में करता है तो उसकी एम0एस0सी0 की उपाधि समतुल्यता बी0टेक0 उपाधि के बराबर नहीं होगी।

2. एम0टेक0 टेक्सटाइल कैमेस्ट्री के पाठ्यक्रम से प्रवेश अर्हता एम0एस0सी0 कैमेस्ट्री को भी सम्मिलित करने का निर्णय इस शर्त के साथ कि एम0एस0सी0 कैमेस्ट्री योग्यताधारी छात्र यदि एम0टेक0 टेक्सटाइल कैमेस्ट्री में करता है तो उसकी एम0एस0सी0 की उपाधि की समतुल्यता बी0टेक0 उपाधि के बराबर नहीं होगी।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता, परास्नातक)

मद संख्या 57.41 **विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बैचलर आफ डिजाइन एवं मास्टर आफ डिजाइन पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2018-19 से प्रभावी आर्डिनेन्स पर अनुमोदन के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थान यू0पी0 इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में संचालित बैचलर आफ डिजाइन पाठ्यक्रम एवं मास्टर आफ डिजाइनस पाठ्यक्रमों का संशोधित आर्डिनेन्स जो सत्र 2018-19 से प्रभावी किया जाना है, पर परिशीलनोंपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही: निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

मद संख्या 57.42 **विश्वविद्यालय संस्थान एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों द्वारा NPTEL एवं MOOCs के माध्यम से पूर्ण किये**

जाने वाली कोर्स/प्रमाण पत्र की शुल्क प्रतिपूर्ति TEQIP-III के माध्यम से किये जाने के संबंध में।

विश्वविद्यालय संस्थान एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों द्वारा NPTEL एवं MOOCs के माध्यम से कोर्स पूर्ण किये जाने के उपरान्त शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी बल्कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र (Certificate of Appreciation) प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाहीः निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

मद संख्या 57.43 पी-एच0डी0 शोधकर्ता Ms. Richa Sharma एवं Ms. Amrita Singh के निरस्त शोध पंजीकरण को पुनः प्रतिस्थापित करने एवं थीसिस जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद द्वारा प्रस्तावानुसार शोधार्थी Ms. Richa Sharma एवं Ms. Amrita Singh को अर्थदण्ड रू0 50,000/- प्रति छात्र के साथ शोध कार्य को पूर्ण करने की अनुमति इस शर्त के साथ दी जाती है कि संबंधित विषय की आर0डी0सी0 में उक्त दोनों शोधार्थी अपने काम की गुणवत्ता प्रस्तुत करेंगे और संबंधित विषय की आर0डी0सी0 उसे पुनः प्रतिस्थापित करने से सहमत हो।

(कार्यवाहीः अधिष्ठाता, परास्नातक एवं शोध)

माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अन्य मद

मद संख्या 57.44.01 SCI JOURNAL में शोध पत्र प्रकाशन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थान, घटक संस्थान, राजकीय एवं निजी क्षेत्र के संस्थाओं के शिक्षकों हेतु अनुसंधान निधिकरण (Research Funding) पर विचार।

परिषद द्वारा पी-एच0डी0 उपाधि की तिथि निर्धारित करने के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय किया कि पी-एच0डी0 उपाधि की तिथि उसकी मौखिक परीक्षा सम्पन्न होने की तिथि से ही माने जाने पर अनुमति प्रदान किया।

(कार्यवाही, अधिष्ठाता परास्नातक एवं शोध)

मद संख्या 57.44.02 SCI JOURNAL में शोध पत्र प्रकाशन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थान, घटक संस्थान, राजकीय एवं निजी क्षेत्र के संस्थाओं के शिक्षकों हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग करने पर होने वाले व्यय का पूर्ण भुगतान किये जाने पर विचार।

परिषद द्वारा SCI JOURNAL में शोध पत्र प्रकाशन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थान, घटक संस्थान, राजकीय एवं निजी क्षेत्र के संस्थाओं के शिक्षकों हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग करने पर होने वाले

व्यय का पूर्ण भुगतान किये जाने के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय दिया कि, ''अधिकतम 5 पेपर पब्लिस करने वाले को पूर्ण पूर्ण धनराशि का भुगतान अधिकतम रू0 200000/-(दो लाख) कान्फ्रेन्स के लिए एवं रू0 500000/- (पाँच लाख) इंटर नेशनल प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही, अधिष्ठाता परास्नातक एवं शोध)

मद संख्या 57.44.03

**विश्वविद्यालय के संस्थान उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन के छात्रों की फीस वापसी के संबंध में विचार।**

परिषद द्वारा प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया कि दोनों संस्थानों के निदेशक यथा निदेशक सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ एवं निदेशक उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन कमेटी का गठन कर एवं कमेटी द्वारा दिये सुझावों के आधार पर कार्यवाही किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही, निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज, लखनऊ एवं निदेशक, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइना, नोएडा)

मद संख्या 57.44.04

**विश्वविद्यालय के संस्थान उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में सत्र 2019-20 से स्वावित्त पोषित एम0बी0ए0 पाठ्यकम संचालित किये जाने जाने के संबंध में विचार।**

परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा में सत्र 2019-20 से स्वावित्त पोषित एम0बी0ए0 पाठ्यकम संचालित किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही, निदेशक, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा।)

मद संख्या 57.44.05

**मार्स मिशन माडल पर दो छात्रों यथा सत्यम प्रताप सिंह, बी0टेक, चतुर्थ वर्ष, आई0एम0एस0 इंजीनियरिंग कालेज, गाजियाबाद एवं उत्कर्ष सिंघक, बी0टेक0, द्वितीय वर्ष द्रोणाचार्य गुप आफ इंस्टीट्यूटशन, ग्रेटर नोएडा के छात्रों को वित्तीय अनुदान प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान के दो छात्रों सत्यम प्रताप सिंह, बी0टेक, चतुर्थ वर्ष, आई0एम0एस0 इंजीनियरिंग कालेज, गाजियाबाद एवं उत्कर्ष सिंघल, बी0टेक0, द्वितीय वर्ष द्रोणाचार्य गुप आफ इंस्टीट्यूटशन, ग्रेटर नोएडा के छात्रों को वित्तीय अनुदान रू0 20,000/- विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जायेगा तथा 50,000/- की धनराशि का वहन संबंधित संस्थान द्वारा किया जायेगा।

(कार्यवाही, अधिष्ठाता- स्नातक पाठ्यकम)

मद संख्या 57.44.06

**आर0बी0एस0 मैनेजमेन्ट टेक्निकल कैम्पस में संचालित दो पाठ्यक्रमों एम0ए0एम0 एवं एम0सी0ए0 डुअल डिग्री की उपाधि प्रदान किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा आर0बी0एस0 मैनेजमेन्ट टेक्निकल कैम्पस में संचालित दो पाठ्यक्रमों एम0ए0एम0 एवं एम0सी0ए0 डुअल डिग्री की उपाधि प्रदान किये जाने के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया कि एम0ए0एम0 अध्ययनरत् उत्तीर्ण छात्रों को एम0बी0ए0 इंटीग्रेटेड की उपाधि एवं एम0सी0एस0 डुअल डिग्री में अध्ययनरत छात्रों को एम0सी0ए0 इंटीग्रेटेड उपाधि प्रदान किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

(कार्यवाही, अधिष्ठाता- परास्नातक पाठ्यक्रम)

मद संख्या 57.44.7

**मास्टर आफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0) इंटीग्रेटेड, मास्टर आफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0/टूरिज्म मैनेजमेन्ट-टी0एम) एवं बी0टेक0 के आर्डिनेन्स रिकार्ड किये जाने के संबंध में।**

परिषद द्वारा मास्टर आफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0) इंटीग्रेटेड, मास्टर आफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन (एम0बी0ए0/टूरिज्म मैनेजमेन्ट-टी0एम) एवं बी0टेक0 के आर्डिनेन्स रिकार्ड किये जाने के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त उक्त कार्य के संचालन हेतु अधिष्ठाता स्नातक पाठ्यक्रम को अधिकृत किया।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक)

मद संख्या 57.44.8

**माडल रूल्स फार टेस्टिंग कंसलटेन्सी के संबंध में विचार।**

परिषद द्वारा माडल रूल्स टेस्टिंग के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त उक्त पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही: निदेशक- सेन्टर फार एडवांस स्टडीज)

मद संख्या 57.44.9

**परीक्षा फार्म शुल्क सभी संस्थाओं द्वारा जमा किये जाने के संबंध में विचार।**

परिषद द्वारा परीक्षा फार्म शुल्क जमा करने के प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया कि परीक्षा फार्म शुल्क विश्वविद्यालय के संस्थान, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान एवं निजी क्षेत्र के सभी संस्थानों द्वारा जमा कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही निर्देशित किया कि उक्त बढ़ी हुई फीस सर्कुलर सभी संबंधित संस्थाओं को प्रेषित कर दिया जाए।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक)

मद संख्या 57.44.10

**विश्वविद्यालय में स्थापित कलाम सेन्टर फार इनोवेशन एण्ड इंक्यूवेशन स्टार्टअप एक्शन प्लान के संबंध में विचार।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में स्थापित कलाम सेन्टर फार इनोवेशन एण्ड इंक्यूवेशन स्टार्टअप एक्शन प्लान पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया (अनुलग्नक-3)।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक)

मद संख्या 57.44.11

सी0बी0एस0सी0 करिकुलम के अन्तर्गत लेटरल इन्ट्री बी0टेक0 द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले बी0एस0सी0 के छात्रों द्वारा दो अतिरिक्त विषय के संबंध में विचार।

सत्र 2017-18 में बी0टेक0 प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों द्वारा दो विषयों Elements of Mechanical Engg. and Computer Aided Engineering Graphics का अध्ययन किया जाता है को सत्र 2018-19 से प्रभावी ए0आई0सी0टी0ई0 मॉडल करिकुलम में सम्मिलित न होने के कारण सी0बी0एस0सी0 करिकुलम के अन्तर्गत लेटरल इन्ट्री के माध्यम से बी0टेक0 द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले बी0एस0सी0 के छात्रों को उक्त दोनों विषयों का अध्यापन कराये जाने हेतु अनुमति प्रदान की।

(कार्यवाही: अधिष्ठाता-स्नातक)

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

(प्रो0 विनय कुमार पाठक)
कुलपति